# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 09.05.2025**

- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 12,000 को वापस कराया गया।**
- **अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आवेदक से 12,000 रूपये ट्रांसफर करवा कर साइबर धोखाधडी की गयी।**
- **शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी गयी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री अजमेर पुत्र रामसनेही निवासी केशरी निवादा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के खाते से दिनांक 17.04.2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 12,000/- रूपये ट्रांसफर करवाकर साइबर धोखाधड़ी की गयी। जिसके सम्बन्ध में आवेदक/शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी गयी। जिस पर त्वरित जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना शिवली पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा दिनांक 08.05.2025 को शिकायतकर्ता की सम्पूर्ण धनराशि ₹ 12,000 उनके खाते में वापस करायी गयी। पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

₹12,000

**धनराशि वापस कराने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-**

1. निरीक्षक श्री हरमीत सिंह
2. म0का0 1261 प्रीति सोनकर